__/__/__

Tender Heart High School, Sector 33-B, Chandigarh
Date -                                   Class - IV
Subject - Hindi Language                 Page - 1
Subject Teacher - Ms. Roma Rani
                  Ms. Suman Sharma

'विशेषण'

सुप्रभात प्यारे बच्चो !
यह पाठ 'विशेषण' कक्षा चौथी की हिन्दी व्याकरण का है। बच्चो !

प्यारे बच्चो ! आज हम 'विशेषण' के बारे में पढ़ेंगे। इस लिए सभी बच्चे अपने पास हिन्दी की एक अभ्यास पुस्तिका भी रख लें, क्योंकि मैं आपको पाठ के बीच में कुछ कार्य लिखने के लिए भी दूँगी। बच्चो अब मैं आपको 'विशेषण' के बारे में समझाऊँगी। यदि आप तैयार हैं, तो मैं आपको 'विशेषण' करवाने जा रही हूँ। सभी बच्चे इसे ध्यानपूर्वक सुनेंगे एवं समझेंगे।

बच्चो ! नीचे दिए गए वाक्यों को ध्यान से पढ़ें एवं समझें।

1. पतला आदमी जा रहा है।
2. दो आदमी आ रहे हैं।
3. काली बिल्ली बैठी है।
4. कुछ बिल्लियाँ दूध पी रही हैं।

बच्चो ! इन वाक्यों को ध्यान से देखो, इनमें पहले और दूसरे वाक्यों में 'पतला' और 'दो' शब्द आदमी के लिए आए हैं, अर्थात् यह दोनों आदमी की विशेषता बता रहे हैं।

Scanned with CamScanner

Date- Class- IV
Subject- Hindi Language Page-2
Subject Teachers- Ms. Roma Rani.
Ms. Suman Sharma.

• तीसरे और चौथे वाक्यों में आए 'काली' और 'कुछ' शब्द बिल्लियों की विशेषता बता रहे हैं।
इस प्रकार बच्चो !
ऐसे शब्द, जो दूसरे शब्दों की विशेषता बताते हैं, व्याकरण में विशेषण कहलाते हैं।

⇒ **विशेषण की परिभाषा :-** जो शब्द किसी संज्ञा या सर्वनाम की विशेषता प्रकट करें, वे विशेषण कहलाते हैं।
जैसे :- अच्छा, बुरा, काला, लाल, पीला, नया, पुराना, मोटा, पतला आदि।

⇒ **विशेषण के भेद :-**

विशेषण

| गुणवाचक | संख्यावाचक | परिमाणवाचक | सार्वनामिक |
|---|---|---|---|
| जैसे :- चालाक, मोटा, सुंदर | जैसे :- तीन, कुछ, बारह | जैसे :- चार मीटर, थोड़े, दो लीटर | जैसे :- यह, वह |

बच्चो ! आज हमने विशेषण शब्दों के बारे में समझ लिया है। अब मैं आपसे इसके आधार पर कुछ प्रश्न पूछूँगी। अब आप यहाँ तीन मिनट का अंतराल लेंगे और इन प्रश्नों के उत्तर अपनी अभ्यास पुस्तिका में लिखेंगे।

प्रश्न-1. विशेषण की परिभाषा लिखें।

Scanned with CamScanner

__/__/__

Date-  Class - IV
Subject - Hindi Language  Page - 3
Subject Teachers- Ms. Roma Rani
Ms. Suman Sharma

प्रश्न-2. विशेषण के कितने भेद होते हैं?
प्रश्न-3. संख्यावाचक विशेषण की दो उदाहरण लिखें।
प्रश्न-4. परिमाणवाचक विशेषण की दो उदाहरण लिखें।

बच्चो! अब आपका अंतराल का समय समाप्त हो गया है। अब मैं आपको इन प्रश्नों के उत्तर बताऊँगी।

उत्तर-1. जो शब्द किसी संज्ञा या सर्वनाम की विशेषता प्रकट करें, वे विशेषण कहलाते हैं।
उत्तर-2. विशेषण के चार भेद होते हैं।
उत्तर-3. तीन, कुछ
उत्तर-4. चार लीटर, दो मीटर

बच्चो! अब हमने जो विशेषण के बारे में समझा है, उसका अभ्यास करेंगे।

* **निम्नलिखित वाक्यों में से विशेषण शब्द छाँटकर लिखें :-**

1. गीता अच्छी गायिका है।
2. मुझे चार सेब चाहिए।
3. दो लीटर दूध दे दीजिए।
4. आपने नई गाड़ी कब खरीदी?
5. कुछ लोग बातचीत कर रहे हैं।
6. आज मेरे पास कम पैसे हैं।
7. इस प्रश्न का उत्तर तीसरा छात्र देगा।
8. लोमड़ी एक चालाक जानवर है।

Scanned with CamScanner

__/__/__

Date -
Class - IV
Subject - Hindi Language
Page-4
Subject Teachers- Ms. Roma Rani
Ms. Suman Sharma

9. आज मैंने ज्यादा खाना खा लिया।
10. राम ईमानदार लड़का है।
11. मोहिना के पास दो पेन हैं।
12. कविता ने आज नीले कपड़े पहने हैं।
13. आज कक्षा में कम छात्र आए थे।
14. मेरा सूट चार मीटर में बनता है।
15. यह लड़की मेरी बहन है।

बच्चो! अब मैं आपको गृहकार्य दूँगी जिसे आप सुंदर लिखाई में अपनी हिन्दी व्याकरण की उत्तर पुस्तिका में लिखेंगे।

गृह कार्य :-

- बच्चो! आप इन 15 विशेषण के वाक्यों को अपनी व्याकरण की उत्तर-पुस्तिका में करेंगे।
- आपको इस कार्य की उत्तर-पत्रिका वीरवार को भेजी जाएगी।

धन्यवाद!

Last page

Scanned with CamScanner